# ट्रेड शो में हुए 89 करोड़ के 288 MOU

■ **NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा**

**यूपी इंटरनैशनल** ट्रेड शो में तीसरे दिन एक लाख 25 हजार 204 लोग पहुंचे। इनमें विदेशी बायर्स भी शामिल हैं। इस दौरान प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना व एमएसएमई मंत्री राकेश सचान मौजूद रहे। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशंस की ओर से आयोजित खरीदार-विक्रेता बैठक में 89 करोड़ रुपये के 288 समझौता ज्ञापन (MOU) साइन हुए।

मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि ट्रेड शो ने प्रदेश के उद्यमियों को उत्पादों को प्रदर्शित करने और उन्हें वैश्विक मंच तक पहुंचाने का अवसर दिया है। निवेशकों, उद्यमियों और नीति विशेषज्ञों के बीच संवाद से यूपी की आर्थिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी। एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बताया कि तीसरे दिन 35 हजार 368 बी2बी और 89,836 बी2सी विजिट हुईं। खादी फैशन शो भी मुख्य आकर्षण रहा। शाम को पद्मश्री मालिनी अवस्थी के लोकगीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।




मंत्री सुरेश खन्ना बोले- प्रदेश के उद्यमियों को मिला बेहतर मंच